कार्यालय – सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल

पत्रांक – उ0वि0शि0प0/सन्निरीक्षा/ /2017–18 दिनांक : 30.05.2017

<u>प्रेस नोट</u>

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल के हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2017 की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों को अवगत कराया जाता है कि परीक्षाफल घोषणा के उपरान्त यदि वे अपने किसी उत्तरपुस्तिका की सन्निरीक्षा कराना चाहते हैं तो वे सन्निरीक्षा आवेदन पत्र सन्निरीक्षा शुल्क रुपया 100=00 प्रति प्रश्नपत्र की दर से सुसंगत लेखाशीर्षक में राजकोष/भारतीय स्टेट बैंक में जमा कर मूल चालान एवं अंक पत्र की छाया प्रति **(इण्टरनेट प्रति भी मान्य)** सहित परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से एक माह के अन्दर अर्थात 30 जून, 2017 तक परिषद् कार्यालय में प्रेषित कर दें। उक्त के पश्चात् प्राप्त सन्निरीक्षा आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं होगा।

उक्त से सम्बन्धित मूल शुल्क चालान एवं अंक पत्र की छाया प्रति पंजीकृत डाक द्वारा परिषद् कार्यालय को प्रेषित किया जाना भी अनिवार्य होगा। मूल शुल्क चालान प्राप्त न होने की स्थिति में परीक्षार्थी का सन्निरीक्षा का परिणाम घोषित किया जाना सम्भव नहीं होगा।

सन्निरीक्षा आवेदन पत्र मुख्य शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्राप्त किये जा सकते हैं। सन्निरीक्षा से सम्बन्धित परीक्षार्थियों को यह भी अवगत कराया जाता है कि उत्तरपुस्तिका के पुर्नमूल्यांकन की कोई व्यवस्था नहीं है। केवल सन्निरीक्षा का प्रावधान है। उक्त से सम्बन्धित आवेदन पत्र एवं निर्देश परिषद् की वेबसाइट **(www. ubse.uk.gov.in)** से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

30/5/17

(वी0 पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)